>

Title: Need to shift Directorate of Floriculture Research from Delhi to Bharatpur, Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अंतर्गत निदेशालय फूल खेती (फ्लोरीकल्चर) कार्यरत है जो देश में फूल खेती को बढ़ावा एवं उसके अनुसंधान कार्य में लगा हुआ है। दिल्ली में यह कार्यालय होने के कारण किसानों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस निदेशालय को किसानों के बीच रहकर उनकी समस्या का संज्ञान कर उनको दूर करने चाहिए इससे फूल संबंधी अनुसंधान एवं विकास करने में सहायता मिलेगी। राजस्थान का भरतपुर क्षेत्र सम्भागीय क्षेत्र है जो दिल्ली, आगरा एवं जयपुर के करीब है एवं यहां के किसान का कृषि एवं पशुपालन मुख्य व्यवसाय है एवं वे कई सालों से फूल की खेती भी कर रहे हैं जिसकी आपूर्ति दिल्ली एवं विभिन्न शहरों को हो रही है। फूलों की अपार खेती होने के कारण यहां पर कई कृषि के छात्र अध्ययनरत है निदेशालय फूल खेती (फ्लोरीकल्चर) के कार्यकलापों से इन छात्रों को भी मदद मिलेगी और फूल खेती निदेशालय को भी कार्य करने में काफी मदद मिलेगी। फूल खेती के लिए यहां की जलवायु अनुकूल है। स्थानीय किसान भी फूलों की खेती में गहन रूप से रूचि ले रहे हैं। भरतपुर को आने जाने का समुचित सड़क मार्ग एवं रेल मार्ग है। इस क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल भी काफी संख्या है। फूलों की खेती करने से इन ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की सुंदरता को निखारा जा सकता है और फूलों के निर्यात विदेशों को कर विदेशी मुद्रा को कमाया जा सकता है।

सरकार से अनुरोध है कि निदेशालय फूल खेती वाड़ी (फ्लोरीकल्चर) को दिल्ली से भरतपुर स्थानांतरित किया जाये जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके एवं देश के फूल खेती को बढ़ावा मिल सके।